JAGRAN CITY PAGE I & III

लवि : एमबीए परीक्षाएं स्थगित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) में संचालित एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल, एमबीए आइबी आदि की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं एक महीने के लिए स्थगित कर दीं।

ये परीक्षाएं 25 फरवरी से होनी थीं, लेकिन गुरुवार को अचानक इसे स्थगित करते हुए नया परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। अब ये परीक्षाएं 24 मार्च से सात अप्रैल तक होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि सभी प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं एक साथ कराए जाने की वजह से परीक्षाएं स्थगित की गई हैं।

इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी करते हुए विद्यार्थियों को इसकी सूचना दे दी गई है। इसी के साथ बीबीए, बीबीएआइबी, बीबीए एमएस प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथियां भी तय कर दी गईं। ये परीक्षाएं 25 मार्च से होंगी।

संशोधित परीक्षा कार्यक्रम

एमबीए एफ एंड सी, एमबीए आइबी, एमबीए एचआर, एमबीए मार्केटिंग (बैक पेपर, एक्सेम्पटेड) ओल्ड कोर्स : 24 मार्च-क्वांटिटेटिव मेथड्स इन बिजनेस, 26 मार्च-बिजनेस एनवायरमेंट, 29 मार्च-एसेंशियल आफ मैनेजमेंट, 31 मार्च-मैनेजरियल इकोनामिक्स, एक अप्रैल-कम्युनिकेटिव इंग्लिश, दो अप्रैल-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, चार अप्रैल- मार्केटिंग मैनेजमेंट, पांच अप्रैल-इंडियन वैल्यू सिस्टम एंड बिजनेस एथिक्स, सात अप्रैल-फाइनेंशियल अकाउंटिंग।

एमबीए एफ एंड सी, एमबीए एचआर, एमबीए मार्केटिंग न्यू कोर्स : (रेगुलर, बैक पेपर, एग्जेम्पटेड) 24 मार्च-प्रिंसिपल्स आफ मैनेजमेंट, 26 मार्च-क्वांटिटेटिव टेक्निक्स फार बिजनेस, 29 मार्च-फाइनेंशियल एंड मैनेजमेंट अकाउंटिंग, 31 मार्च-मार्केटिंग मैनेजमेंट, दो अप्रैल--ह्यूमन रिर्सोज मैनेजमेंट, पांच अप्रैल-मैनेजरियल इकोनामिक्स, सात अप्रैल-आइटी स्किल्स।

बीबीए प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर, एग्जेम्पटेड ओल्ड कोर्स) : 25 मार्च-बिजनेस मैथमेटिक्स, 28 मार्च-कंप्यूटर फंडामेंटल्स, 30 मार्च-फाइनेंशियल अकाउंटिंग, एक अप्रैल-मैनेजरियल इकोनामिक्स, चार अप्रैल-मार्केटिंग फंडामेंटल्स, छह अप्रैल-प्रिंसिपल्स आफ मैनेजमेंट।

बीबीए (आइबी) प्रथम सेमेस्टर : 25 मार्च-फारेन ट्रेड आफ इंडिया, 28 मार्च-बिजनेस मैथमेटिक्स, 30 मार्च-बिजनेस इकोनामिक्स, एक अप्रैल-एसेंशियल आफ मैनेजमेंट, चार अप्रैल-फाइनेंशियल अकाउंटिंग, छह अप्रैल-बिजनेस कम्युनिकेशन।

बीबीए (एमएस) प्रथम सेमेस्टर : 25 मार्च-प्रिंसिपल्स आफ इकोनामिक्स, 28 मार्च-फाइनेंशियल अकाउंटिंग, 30 मार्च-बिजनेस मैथमेटिक्स, एक अप्रैल-फारेन ट्रेड आफ इंडिया, चार अप्रैल-इंडिया सोसाइटी एंड कल्चर, छह अप्रैल-इंग्लिश लैंग्वेज एंड बिजनेस कम्युनिकेशन।

बीबीए प्रथम सेमेस्टर (रेगुलर, बैक पेपर, एग्जेम्पटेड न्यू कोर्स) एनईपी : 28 मार्च-फाइनेंशियल एंड मैनेजमेंट अकाउंटिंग-1, 25 मार्च-प्रिंसिपल्स आफ मैनेजमेंट, 30 मार्च-बिजनेस आर्गेनाइजेशन, एक अप्रैल-बिजनेस कम्युनिकेशन, चार अप्रैल-पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड ग्रोमिंग, छह अप्रैल-कंप्यूटर एंड आइटी एप्लीकेशन-1

बीबीए (आइबी)-प्रथम सेमेस्टर : 25 मार्च-प्रिंसिपल्स आफ मैनेजमेंट, 28-फाइनेंशियल एंड मैनेजमेंट अकाउंटिंग-1, 30 मार्च-बिजनेस आर्गेनाइजेशन, एक अप्रैल-बिजनेस कम्युनिकेशन, चार अप्रैल-पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड ग्रोमिंग, छह अप्रैल-कंप्यूटर एंड आइटी एप्लीकेशन-1

बीबीए (एमएस)-प्रथम सेमेस्टर : 25 मार्च-प्रिंसिपल्स आफ मैनेजमेंट, 28 मार्च-फाइनेंशियल एंड मैनेजमेंट अकाउंटिंग-1, 30 मार्च-बिजनेस आर्गेनाइजेशन, एक अप्रैल-बिजनेस कम्युनिकेशन, चार-पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड ग्रोमिंग, छह अप्रैल-कंप्यूटर एंड आइटी एप्लीकेशन-1

(संबंधित सामग्री सिटी III पर)

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : जिले के 47 केंद्रों पर आज से यूजी की परीक्षा

दो पालियों में होने वाली परीक्षा में शामिल होंगे 121 कॉलेजों के छात्र

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की यूजी विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो रही हैं। बीए, बीकॉम, बीएससी और बीएससी होम साइंस की तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं जिले के 47 केंद्रों पर होंगी। यहां 121 महाविद्यालयों के छात्र परीक्षा देंगे। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने व्यवस्थित ढंग से परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। विवि और परीक्षा केंद्रों के स्तर पर सचल दस्ते गठित किए गए हैं। छात्रों को एडमिट कार्ड पहले ही मिल चुके हैं।

परीक्षाएं आठ अप्रैल तक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगी। सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए हैं। कॉलेजों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी। पहले दिन शुक्रवार को बीए तीसरे सेमेस्टर की एजुकेशन व साइकोलॉजी प्रथम, पांचवें

सेमेस्टर की फिलॉसफी, बीकॉम तीसरे सेमेस्टर की प्रिंसिपल एंड प्रैक्टिस, बीएससी होम साइंस पांचवें सेमेस्टर की कम्यूनिटी न्यूट्रिशन, एडवांस डाइट्स एंड क्लिनिकल न्यूट्रिशन और बीएससी पांचवें सेमेस्टर की केमेस्ट्री, स्टैटिस्टिक्स विषय की परीक्षा होगी। विवि के प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि परिसर में छात्रों को सुबह आठ बजे से एडमिट कार्ड के साथ प्रवेश दिया जाएगा।

वे विवि के गेट नंबर एक , दो, चार व पांच से प्रवेश कर सकते हैं। शिक्षक और कर्मचारी गेट नंबर दो व चार पर वाहन पार्क कर प्रवेश करेंगे। परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लाने की अनुमति नहीं है। पकड़े गए तो मुख्य गेट से बाहर कर दिया जाएगा। परीक्षा में नकल करने पर बुक कर दिया जाएगा।

एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा स्थगित, नया कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस ने एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा स्थगित कर नया परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। पहले परीक्षा 25 फरवरी से प्रस्तावित थी, अब 24 मार्च से शुरू होगी। लविवि की वेबसाइट पर संशोधित परीक्षा कार्यक्रम अपलोड कर दिया गया है।

ओल्ड कोर्स के अंतर्गत एमबीए एफ एंड सी, एमबीए आईबी, एमबीए एचआर व आईआर, एमबीए मार्केटिंग के बैक पेपर और एग्जेंप्टेड परीक्षा 24 मार्च से सात अप्रैल तक होगी। दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं न्यू कोर्स के अंतर्गत एमबीए एफ एंड सी, एमबीए एचआर व एमबीए मार्केटिंग के रेगुलर, बैक पेपर व एग्जम्पटेड की भी परीक्षा 24 मार्च से सात अप्रैल तक दोपहर की पाली में आयोजित होगी। वहीं बीबीए, बीबीए आईबी व बीबीए एमएस प्रथम सेमेस्टर की ओल्ड कोर्स व न्यू कोर्स के अंतर्गत बैक पेपर और एग्जम्पटेड का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 25 मार्च से पांच अप्रैल तक दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेंगे छात्रों के अंकपत्र

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि आगामी शैक्षणिक सत्र से ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी की मदद से एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करने जा रहा है, जहां अंकपत्र समेत सभी प्रमाणपत्र उपलब्ध रहेंगे। इसमें प्रत्येक छात्र को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान दी जाएगी। ब्लॉकचेन की अपरिवर्तनीय विशेषता यह सुनिश्चित करेगी कि प्रमाणपत्रों की जालसाजी और उसमें छेड़छाड़ संभव न हो। इसके लिए एक कमेटी का गठन कर दिया गया है।

लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लविवि ने ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी की मदद सेकेंद्रीकृत प्रणाली से विकेंद्रीकृत प्रणाली की ओर बढ़ने का निर्णय लिया है। इस प्रौद्योगिकी की मदद से प्रमाणपत्र क्रिप्टोग्राफिक

विवि ने गठित की कमेटी, आगामी शैक्षणिक सत्र से लागू होगी व्यवस्था

रूप से हैश या एन्क्रिप्टेड संस्करण ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे। इस प्लेटफॉर्म पर न तो प्रमाणपत्र धारक की पहचान और न ही प्रमाणपत्र की सामग्री को संशोधित किया जा सकता है। लविवि का दावा है कि इस प्रणाली को लागू करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय होगा। उन्होंने बताया कि इस ब्लॉकचेन संचालित प्लेटफॉर्म की प्रमुख विशेषता डेटा गोपनीयता बढ़ाना, वास्तविक समय में सत्यापन करना और शैक्षिक प्रमाणपत्रों की जालसाजी को रोकना है। इसमें शैक्षिक प्रमाणपत्रों के लिए एक लाइसेंस प्राप्त ब्लॉकचेन समाधान सुपरसर्ट विकसित किया गया है, जो बीटा परीक्षण के तहत है।

बायोटेक पार्क में लिया प्रशिक्षण

लखनऊ। लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के छात्रों के लिए बायोटेक पार्क में बृहस्पतिवार से प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें छात्रों ने विभिन्न लैब में अपने विषय से संबंधित तकनीकी व प्रायोगिक जानकारी हासिल की। दोनों संस्थाओं के बीच गत तीन फरवरी को अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किया गया था। इसी क्रम में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। विष विज्ञान के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर ने बायोटेक पार्क में उपलब्ध संसाधनों के बारे में व्याख्यान दिया। छात्रों ने लैब में एचपीटीएलसी, नैनो एलसी, आरटीपीसीआर, इंडस्ट्रियल हर्बल ड्रग एक्सटेंक्शन, गैस क्रोमेटोग्राफी, जैल इलेक्ट्रोफोरेसिस आदि पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। निदेशक पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण में बीफार्मा के 100 से ज्यादा छात्र व शिक्षक मौजूद रहे। इससे छात्रों में अनुसंधान के प्रति रुचि बढ़ेगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 7

47 केंद्रों पर स्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

मिशन एग्जाम

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

- कार्यक्रम जारी
- कोविड के कारण जनवरी में नहीं शुरू हो पाई थीं परीक्षाएं
- 121 कॉलेजों के परीक्षार्थी दो पालियों में देंगे परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी होम साइंस के तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो रही हैं। इन परीक्षाओं के लिए लखनऊ विवि, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, डीएवी पीजी कॉलेज, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कॉलेज समेत 47 केंद्र बनाए गए हैं जिन पर शहर के 121 महाविद्यालयों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं।

गुरुवार को चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने परीक्षाओं से संबंधित दिशा-निर्देश भी जारी किए। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक और पांचवें की दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। शुक्रवार से शुरू हो रही ये परीक्षाएं आठ अप्रैल तक चलेंगी। गुरुवार को जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सुबह की पाली में परीक्षा के लिए सुबह आठ बजे से प्रवेश शुरू होंगे। परीक्षार्थी गेट नं. 1, 2, 4 और 5 से आएंगे। यहां कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार मास्क लगाना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्षों में प्रवेश से पहले सभी की थर्मल स्कैनिंग व सैनिटाइजेशन किया जाएगा। विभागों के सीसीटीवी कैमरे ठीक रखने को कहा गया है। कोई भी छात्र-छात्रा मोबाइल गैजेट अपने साथ नहीं ले सकेगा।

PIONEER PAGE 4

एलयू के 47 केन्द्रों पर यूजी तीसरे, पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

लखनऊ। लखनऊ विवि की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी होम साइंस के तीसरे और पांचवे सेमेस्टर परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू होंगी। इन परीक्षाओं के लिए लखनऊ विवि परिसर समेत 47 केंद्र बनाए गए हैं, जिनपर शहर के 121 महाविद्यालयों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इनके प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। गुरुवार को चीफप्रॉक्टर प्रो राकेश द्विवेदी ने परीक्षाओं से सम्बंधित दिशा-निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक और पांचवें की दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। शुक्रवार से शुरू हो रही ये परीक्षाएं आठ अप्रैल तक चलेंगी। गुरुवार को जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सुबह की पाली में परीक्षा के लिए सुबह आठ बजे से प्रवेश शुरू होंगे। परीक्षार्थी गेट नं 1, 2, 4 और 5 से आएंगे। यहां कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार मास्क लगाना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्षों में प्रवेश से पहले सभी की थर्मल स्कैनिंग व सैनिटाइजेशन किया जाएगा। विभागों के सीसीटीवी कैमरे ठीक रखने को कहा गया है। कोई भी छात्र-छात्रा मोबाइल गैजेट अपने साथ नहीं ले सकेगा।

JAGRAN CITY PAGE III

अमृत लाल नागर की पुण्यतिथि पर आनलाइन संगोष्ठी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : कथा रंग फाउंडेशन और संचित स्मृति न्यास की ओर से प्रसिद्ध उपन्यासकार अमृत लाल नागर की पुण्यतिथि पर उनसे जुड़ी बातें और रचनाएं विषय पर एक आनलाइन संगोष्ठी हुई। कथा रंग की अध्यक्ष नूतन वशिष्ठ ने नागर के संस्मरण साझा किए तो डा. आरती पांड्या ने अपने पिता अमृतलाल नागर के बारे में बताया कि वह एक सरल हृदय व्यक्ति थे।

वह धर्म के बारे में वह कहते थे कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। कथा रंग की उपाध्यक्ष पुनीता अवस्थी ने अमृतलाल नागर की कहानी एक पत्ता जो जासूस नहीं था, सुनाई। यह कहानी 1983 में पराग पत्रिका में प्रकाशित हुई थी।

साहित्यकार को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की साहित्यिक पहल काव्योम की ओर से साहित्यकार अमृतलाल नागर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में गुरुवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्र- छात्राओं ने प्रेमचंद्र वाटिका में स्थापित अमृतलाल नागर की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में प्रो. रश्मि कुमार, प्रो. कृष्णाजी श्रीवास्तव, प्रो. ए सेंथिल ने अमृतलाल नागर के साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। छात्र जय सिंह, अभिनव एवं पवन वर्मा ने नागर जी के रोचक संस्मरण साझा किए।

THE PIONEER PAGE 4

LU closer to realising digital university vision

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University is striving hard to keep pace with future technologies for the betterment of students, university, and society at large. Moving to blockchain technology is yet another step towards realising of the vision of digital university, DSW Poonam Tandon said. She said it is important to note that LU is going to be the first academic institution of the country to take such initiative in the best interests of students. "It is a regular practice for students going abroad for higher education to get their marksheets verified by the university directly and confidentially for the admission confirmation. Such an initiative will not only enhance the credibility of the documents submitted by LU students but also minimise the time for verification with least possibility of malpractice," she said.

"At present, we are still relying on the manual method of checking the authenticity of educational certificates. Frauds in educational certificates mainly consist of identity misrepresentation and tampering with documents. A background screening company, First Advantage, has reported that there are more than 7,500 organisations offering fake employment and educational certificates. Universities and companies are spending a significant amount of money and time to verify and validate the educational certificates of prospective candidates. To tackle this tedious problem, several universities, colleges and companies have started using digital methods of certifications, but the existing digital model is based on a set of intermediary trusted third parties. However, this method is not foolproof and is prone to fraud and malicious attacks," she said. She added that a decentralised trust system that is tamper-proof is the need of the hour.

"Distributed ledger technology is the backbone of blockchain. Therefore, blockchain is the best option to verify and validate educational certificates. NITI Aayog, in partnership with the Indian School of Business (ISB) and Bitgram, has developed 'SuperCert', a permissioned blockchain solution, for educational certificates which is under beta testing. IIT-Kanpur is also working on the National Blockchain Project to build several e-governance solutions," Tandon said.

The DSW said that in the past, LU has also seen several instances of forgery and fraud of educational certificates.

To tackle these critical issues, LU has decided to move from a centralised system to a decentralised system with the help of blockchain technology in the upcoming academic session. This blockchain solution will provide a digital platform where a unique identity will be provided to each certificate and also to the students.

AMRIT VICHAR PAGE 5

परीक्षा का समय | कोविड की वजह से जनवरी में नहीं शुरू हो पाई थीं परीक्षाएं

47 केन्द्रों पर स्नातक तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

अमृत विचार लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी होम साइंस के तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो जायेंगी। इन परीक्षाओं के लिए लखनऊ विवि परिसर समेत 47 केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर शहर के 121 महाविद्यालयों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इनके प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं।

गुरुवार को चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने परीक्षाओं से संबंधित दिशा-निर्देश भी जारी किए। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 9 से 12 बजे तक और पांचवें की दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। शुक्रवार से शुरू हो रही ये परीक्षाएं आठ अप्रैल तक चलेंगी। गुरुवार को जारी दिशा निर्देशों के अनुसार सुबह की पाली में परीक्षा के लिए सुबह आठ बजे से प्रवेश शुरू होंगे। परीक्षार्थी गेट नं. 1, 2, 4 और 5 से आएंगे। यहां कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार, मास्क लगाना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्षों में प्रवेश से पहले सभी की थर्मल स्कैनिंग व सैनिटाइजेशन किया जाएगा। इसके अलावा नकल विहीन परीक्षा के लिए सभी विभागों को सीसीटीवी कैमरे ठीक रखने को कहा गया है। कोई भी छात्र-छात्रा मोबाइल या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अपने साथ नहीं ले सकेगा। प्रॉक्टोरियल टीम ने सचल दस्तों का भी गठन किया है, जो एलयू परिसर के अलावा अन्य परीक्षा केन्द्रों का भी दौरा करेगी।

ये कॉलेज बनाये गये हैं परीक्षा केन्द्र

लखनऊ विश्वविद्यालय, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, डीएवी पीजी कॉलेज, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कॉलेज, जेएनपीजी कॉलेज, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, विंसेंट हिन्दू डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कालेज, सरदार भगत सिंह कालेज आफ एजुकेशन लखनौरी, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कालेज फैजाबाद रोड, खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज बीके, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कालेज आलमबाग, मुमताज डिग्री कालेज, शिया डिग्री कालेज सीतापुर रोड, महाराजा बिजलीपासी राजकीय कालेज आशियाना, महिला महाविद्यालय, सीबी गुप्त एग्रीकल्चर डिग्री कालेज बीकेटी, आइटी गर्ल्स कालेज, अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज सुरेंद्र नगर, नारी शिक्षा निकेतन गर्ल्स डिग्री कालेज, नवयुग कन्या डिग्री कालेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गर्ल्स डिग्री कालेज, शशि भूषण गर्ल्स डिग्री कालेज, श्री महेश प्रसाद डिग्री कालेज महानलालगंज, लाला महादेव प्रसाद दमी बालिका महाविद्यालय गोसाईगंज, आर्यावर्त सतेंद्र महाविद्यालय माल, भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री कालेज गोमती नगर, लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर, बोरा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस सीतापुर रोड, करियर कांवेंट गर्ल्स डिग्री कालेज विकास नगर, हीरा लाल यादव गर्ल्स डिग्री कालेज सरोजनी नगर, चरका इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन मीरा, लखनऊ डिग्री कालेज हरदोई रोड, रजत पीजी कालेज कमला, अभीरूढ़ैला इस्लामिया डिग्री कालेज, डिग्री कालेज, सीडी गर्ल्स डिग्री कालेज फैजाबाद रोड, डीएसएन महिला महाविद्यालय बीकेटी।

स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

परीक्षाओं के लिए बने 47 केंद्र 121 महाविद्यालयों के विद्यार्थी होंगे शामिल

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक विषम सेमेस्टर दिसंबर-2021 की परीक्षाओं की शुरुआत शुक्रवार से होगी। बीए, बीकाम, बीएससी व बीएससी होम साइंस तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 47 केंद्र बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र पहले ही जारी कर दिए थे। गुरुवार को विश्वविद्यालय एवं परीक्षा केंद्र बने कालेजों ने तैयारियां पूरी कर लीं। वहीं, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह नौ से 12 बजे तक और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 47 कालेजों में 121 महाविद्यालयों के करीब 55,500 विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षार्थियों को मास्क, हैंड सैनिटाइजर व प्रवेश पत्र के साथ केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नकल विहीन परीक्षा कराए जाने के उद्देश्य से केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों को सुचारु रूप से क्रियाशील रखने के लिए कहा गया है। वहीं, कालीचरण पीजी कालेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली।

चार गेट से मिलेगा प्रवेश

चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि लवि परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र देखकर सुबह आठ बजे से गेट संख्या एक, दो, चार और पांच से प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को कोई भी पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन या बैग आदि लाना मना है।

पहले दिन की परीक्षाएं और उनका समय

बीए तीसरा सेमेस्टर : एजुकेशन/सायकोलाजी- पहला पेपर : सुबह नौ से दोपहर 12 बजे

बीकाम तीसरा सेमेस्टर : प्रिंसिपल एंड प्रैक्टिस आफ मार्केटिंग : सुबह नौ से 12 बजे

बीएससी एग्रीकल्चर तीसरा सेमेस्टर (ओल्ड) : रोरिअल्स, मिलेट एंड पल्सेज क्राप (ओल्ड)- सुबह नौ से दोपहर 12 बजे

बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स तीसरा सेमेस्टर (न्यू, रेगुलर) : क्राप प्रोडक्शन टेक्नोलाजी- पहला पेपर(खरीफ क्राप) : सुबह नौ से दोपहर 12 बजे

बीए पांचवां सेमेस्टर : 25 फरवरी-फिलासफी-पहला पेपर : दोपहर दो से शाम पांच बजे

बीएससी होम साइंस पांचवां सेमेस्टर : कम्यूनिटी न्यूट्रिशन, एडवांस डाइट्स एंड क्लिनिकल न्यूट्रिशन : दोपहर दो से शाम पांच बजे

बीएससी पांचवां सेमेस्टर : केमिस्ट्री, स्टैटिस्टिक्स-पहला पेपर, दोपहर दो से शाम पांच बजे

फर्जी प्रमाण पत्रों की रोकथाम करेगी ब्लाक चेन तकनीक

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय अब फर्जी मार्कशीट, डिग्री व प्रमाण पत्रों की रोकथाम के लिए ब्लाक चेन तकनीक लागू करेगा। डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलाजी (डीएलटी) पर आधारित इस प्लेटफार्म पर सभी विद्यार्थियों की मार्कशीट, डिग्री आदि का ब्योरा अपलोड किया जाएगा। वहीं, हर विद्यार्थी को एक डिजिटल आइडी भी दी जाएगी। इस पर काम करने के लिए जल्द ही एक कमेटी भी बनाई जाएगी।

विश्वविद्यालय में कुछ समय पहले बड़ी संख्या में फर्जी मार्कशीट का खेल उजागर हुआ था। इसके बाद से लगातार विश्वविद्यालय इसे लेकर सतर्कता बरत रहा है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि भारत में शैक्षिक प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता की जांच के लिए अभी भी मैनुअल पद्धति अपनाई जाती है। प्रमाणपत्रों में धोखाधड़ी बहुत होती है, जिसके चलते इस समस्या से निपटने के लिए कई विश्वविद्यालयों, कालेजों और कंपनियों ने प्रमाणन के डिजिटल तरीकों का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

डीएलटी आधारित ब्लाक चेन शैक्षिक प्रमाणपत्रों को सत्यापित और मान्य करने के लिए एक प्रभावी विकल्प साबित हो सकती है। इस दिशा में लवि ने भी कदम बढ़ाया है। नए सत्र से विश्वविद्यालय ब्लाक चेन तकनीक की मदद से एक केंद्रीकृत प्रणाली से विकेंद्रीकृत प्रणाली की ओर बढ़ेगा।

विशिष्ट डिजिटल पहचान मिलेगी : यह ब्लाक चेन एक डिजिटल प्लेटफार्म प्रदान करेगा, जहां प्रत्येक प्रमापपत्र और प्रत्येक छात्र को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान प्रदान की जाएगी। प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि ब्लाक चेन की विशेषता यह है कि इससे प्रमाणपत्रों की जालसाजी व छेड़छाड़ संभव नहीं है। इसमें न तो प्रमाणपत्र धारक की पहचान और न ही प्रमाणपत्र की सामग्री को संशोधित किया जा सकता है।

यूनानी कालेज में पीजी की 10 सीटों की काउंसलिंग हुई शुरू

जागरण संवाददाता, लखनऊ : बिजनौर रोड स्थित राजकीय तकमील उत्तिब कालेज एवं चिकित्सालय में परास्नातक की चार सीटों को बढ़ाकर 14 कर दिया गया था। इन बढ़ी हुई सीटों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग गुरुवार से शुरू होगी। प्रधानाचार्य डा. जमाल अख्तर ने बताया कि यूनानी निदेशक डा. मुहम्मद सिकंदर हयात सिद्दीकी के प्रयास से यह संभव हो पाया है।

बायोटेक पार्क में फार्मेसी विद्यार्थियों का प्रशिक्षण शुरू

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज और बायोटेक पार्क लखनऊ के साथ एमओयू होने के बाद गुरुवार को विद्यार्थियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। बायोटेक पार्क में उपलब्ध संसाधनों के बारे में पूर्व विज्ञानी डा. उमाशंकर ने जानकारी दी। इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से छात्रों में अनुसंधान के प्रति रुचि बढ़ेगी। (जासं)

TOI PAGE 2

LU UG odd sem exams begin today

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The undergraduate examination for BA, BSc, BCom (Home Science) third and fifth semester in Lucknow University will begin from Friday.

Students of Lucknow University and its 121 affiliated colleges will appear in the examination at 47 centres across the city. The examination will be held in two shifts, from 9am to 12noon and 2pm to 5pm under CCTV watch.

Lucknow University odd semester UG examinations were scheduled in February but were postponed due to Covid-19 third wave.

In LU campus, examinees will be allowed entry through gates number 1, 2, 4 and 5. The examination will continue till April 8.

"Wearing mask is mandatory, else students will not be allowed to appear in the examination. No electronic gadgets, smartphones, smartwatches and calculators are allowed in the examination hall," said LU-university spokesperson Durgesh Srivastava.

FIRST INDIA PAGE 13

In Remembrance of...

Faculty and students at the Lucknow University paying respects.

CITY FIRST

A seminar was organized at the University of Lucknow on the death anniversary of the well-known writer, Amritlal Nagar, by the literary initiative of the students of Lucknow University 'Kavya'.

Prof Rashmi Kumar, Prof Krishnaji Srivastava, and Prof A. Senthil were among the guests on the show. Everyone talked about Nagar's personality and work as they remembered his literary contribution.

According to Prof. Krishnaji, "In the realm of literature, Amritlal Nagar in Lucknow's identity. On the anniversary of his passing, we all pay tribute to him."

Literary lovers like Bhaskar Giri, Dwarika Nath Pandey, Arpit Katiyar, Akshay Pratap Singh, Abhishek Mishra, Mandvi Verma, Abha Ojha, Anshika Shukla, Amar Verma and Sachchidanand Mishra were present on this occasion.

TRUE TIMES PAGE 1 & 3

बायोटेक पार्क लखनऊ में इन्स्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल सांइसेज, के छात्रों द्वारा प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया

ट्रू टाइम्स संवाददाता

इंस्टीटयूट आफ फार्मास्यूटिकल सांइसेज, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं बायोटेक पार्क लखनऊ (भारत सरकार) के बीच 03 फरवरी 2022 को अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए एम.